एक नजर में

## सबके राम महोत्सव में उमड़ रहा भक्तों का मेला



इंदौर. दशहरा मैदान स्थित 'अवध लोक' पर चल रहे 'सबके राम' महोत्सव में सुबह से देर रात तक राम भक्तों का मेला जुट रहा है. देश के पूर्वोत्तर भारत एवं दक्षिणी राज्यों की संस्कृतियां यहां एकाकार हो रही है. गत 19 मार्च से चल रहे लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में आहुतियों का सिलसिला जारी है. मेले में शामिल होने के लिए जहां अनेक दक्षिण भारतीय परिवार आ रहे हैं, वहीं मेले में स्थापित वृन्दावन के प्रेम मंदिर की प्रतिकृति में आरती एवं दर्शन के लिए भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं. सुबह निशुल्क योग शिविर के साथ ही संध्या को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में भी सैकड़ों लोग लाभांवित हो रहे हैं. शनिवार रात रतलाम के युवाओं एवं युवतियों ने मलखम्ब का अनूठा प्रदर्शन कर सबको आश्चर्यचकित बनाए रखा. 'सबके राम' लोक कल्याण समिति के संयोजक महेन्द्रसिंह चौहान एवं श्रीमती प्रवीणा अग्निहोत्री ने बताया कि फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा ने भी शनिवार रात दशहरा मैदान पहुंचकर प्रेम मंदिर की प्रतिकृति को बहुत दिलचस्पी के साथ निहारा और कलाकारों की खुले मन से सराहना की. उन्होंने मंदिर में स्थापित राम दरबार की महाआरती में भी तन्मयता से भाग लिया. इस अवसर पर सदगुरु अण्णा महाराज के सानिध्य में पूर्व विधायक जीतू जिराती, पत्रकार उज्जवल शुक्ला (जबलपुर), भाजपा की नगर मंत्री स्वाति काशिद, अर्चना करणावत, पूर्व पार्षद निलेश चौधरी, महेश दा एवं ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों सहित अनेक जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे.

## मुनि विमल सागर महाराज के ससंघ का आगमन



इन्दौर. दिगम्बर जैन श्री 1008 चंद्र प्रभु धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट परवार समाज के द्वारा मध्यप्रदेश मे प्रथम चौबीसी के पंच कल्याणक महोत्सव का आयोजन, संत शिरोमणि समाधिष्ठ आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज के आज्ञानुव्रति शिष्य नवाचार्य समय सागर महाराज के पावन आशीर्वाद से मुनि 108 विमल सागर, मुनि अनंत सागर महाराज के सानिध्य में 3 से 9 अप्रैल तक पंच कल्याणक दलाल बाग मे होना है. प्रचार प्रमुख प्रवीण जैन ने बताया कि समस्त दिगम्बर जैन समाज ने आज राजबाडा पर भव्य अगवानी कि गई, अगवानी मे विशाल जुलूस के रुप मे बैंड बाजे के साथ की, जिसमे सभी पुरुषो ने श्वेत वस्त्र एवं महिलाएं केशरिया वस्त्र पहनकर झुमते गाते नृत्य करते हुए चल रही थी. इस अवसर पर मुख्य रुप से राजु अलबेला समाज श्रेष्ठी सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद-नवीन गोधा, अमित कासलीवाल, सुशील पंडया, राजकुमार पाटोदी जुलूस संयोजक संजय अहिंसा, पवन सिंघई, सचिन सुपारी, विपुल बाजल, अनिल जैनको, राजीव जैन, दिलीप जैन के साथ सभी समाज जन शामिल हुए.

## महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव आमंत्रण पत्रिका का विमोचन



इंदौर. श्वेतांबर जैन महासंघ के तत्वावधान में समग्र श्वेतांबर जैन समाज का भगवान् महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव आगामी 31 मार्च को धूमधाम से मनाया जा रहा है. महासंघ के प्रचार सचिव योगेन्द्र सांड ने बताया कि महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका का मुहूर्त विमोचन कार्यक्रम महासंघ के साउथ तुकोगंज स्थित मुख्य कार्यालय पर अध्यक्ष विजय मेहता की अध्यक्षता व वरिष्ठ पत्रकार राजेश चेलावत एवं महोत्सव के मुख्य लाभार्थी श्री वीरेंद्र छिंगावत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ. यह कार्यक्रम महासंघ के पदाधिकारी व ट्रस्टीगण कैलाश नाहर, हेमंत लसोड, मनीष सुराणा, यशवंत जैन, शिखरचंद बाफना, विमल नाहर, राजेंद्र जैन, विमल तांतेड़, जीनेश्वर जैन, विजय ललवानी, आदि कई समाज प्रमुखों की उपस्थिति में संपन्न हुआ. संचालन महासचिव ललित छलानी ने व आभार महासचिव संतोष मामा ने माना. इस अवसर पर मांगलिक कार्यों में व शादी-ब्याव के अवसर पर जूठन नहीं छोड़ने का संकल्प दिलाया गया. सभी ने महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव यादगार रूप से मनाने की भावना व्यक्त की.

## कैंसर जागरूकता एवं नि:शुल्क जांच शिविर



इंदौर. कैंसर एक ऐसा रोग है, जिसका नाम सुनते ही मन में भय उत्पन्न हो जाता है, किंतु चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि जागरूकता और प्रारंभिक जांच ही इसके प्रभावी नियंत्रण के सबसे सशक्त उपाय हैं। यदि ब्रेस्ट, सर्वाइकल एवं ओरल कैंसर जैसे रोगों की पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो जाए, तो न केवल उपचार सरल और कम खर्चीला हो जाता है, बल्कि अनेक बहुमूल्य जीवन भी सुरक्षित किए जा सकते हैं. इसी मानवीय उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए 50 वर्षो से कैंसर पीड़ितों की सेवा में रत पंडितजी सेवा न्यास द्वारा माधव सृष्टि मोबाइल यूनिट के सहयोग से कैंसर जागरूकता एवं स्क्रीनिंग शिविर गाँधी नगर स्थित नया बसेरा में आयोजित किया गया. इस शिविर में अत्या धुनिक उपकरणों से लेस मोबाइल यूनिट द्वारा कैंसर पीड़ित महिलाओ की मैमोग्राफी एवं अन्य सामान्य रोगों की जांचे की. साथ ही उन्हें चिकित्सा परामर्श दिया. इस शिविर में जैन सोशल ग्रुप स्वागत, इंदौर का विशेष सहयोग रहा. यह जानकारी देते हुए योगेंद्र सांड ने बताया कि ग्रुप के सदस्यों ने इस सेवा कार्य में उत्साहपूर्वक आर्थिक सहयोग देने के साथ-साथ बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाया. उन्होंने विशेष रूप से डॉ. गौरव खंडेलवाल एवं रमेश डोसी के प्रति आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीपाल सकलेचा, ललित बोरा, मोहनलाल जैन, विजय जैन, सुरेश छाजेड, सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे.

## संघ प्रचारक इन्द्रेश को भेंट की पुस्तक

इंदौर. दिल्ली में जंतर-मंतर स्थित एनडीएमसी कनवेंशन सेंटर पर आयोजित



लोकतंत्र विजय दिवस समारोह में आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक इन्द्रेश जी एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे को मध्यप्रदेश लोकतंत्र सेनानी संघ के उपाध्यक्ष गिरीश शर्मा आदित्य ने अपनी चर्चित भारतीय प्राचीन मुद्राओं पर आधारित पुस्तक 'भारतीय गणराज्यों के सिक्के' भेंट की. आदित्य ने बताया कि सम्मेलन में सर्वानुमति से पूर्व सांसद कैलाश सोनी को राष्ट्रीय अध्यक्ष, संतोष शर्मा को कोषाध्यक्ष एवं मदन बाथम को राष्ट्रीय महामंत्री निर्वाचित घोषित किया गया. इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर के लगभग 200 लोकतंत्र सेनानी शामिल हुए जिन्होंने विभिन्न मुद्दों पर विचार मंथन किया. मुख्य रूप से कांग्रेस शासित राज्यों में लोकतंत्र सेनानियों की उपेक्षा का मामला भी चर्चा में रहा.

# जी+3 और बहु मंजिला इमारतों में 15 दिन में फायर सेफ्टी व्यवस्था करें

- कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश
- अग्नि सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं नहीं करने पर होगी कार्रवाई



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में एक बार फिर फायर सेफ्टी को लेकर आज से बहुमंजिला इमारतों का निरीक्षण शुरू होने जा रहा है. इसके लिए क्षेत्रीय एसडीएम के साथ फायर विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों के दल बनाए गए है. खास बात यह है कि जी+3 इमारत या उससे ऊंची बिल्डिंग को 15 दिन में फायर सेफ्टी की व्यवस्था करना होगी. यदि फायर सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई तो प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी.

शहर में पिछले हफ्ते पुगलिया परिवार के 8 लोगों की आग लगने से मौत हो गई थी. इसके बाद एक बार प्रशासन जागा और शहर में फायर सेफ्टी को लेकर फिर से अभियान शुरू किया जाएगा. इसके पहले पूर्व कलेक्टर आशीष सिंह ने भी शहर में आगजनी के घटना को लेकर अभियान शुरू किया था और कई बहुमंजिला इमारतों में निरीक्षण कर फायर सेफ्टी की व्यवस्था और एनओसी लेने के रहवासी संघों को निर्देश दिए थे. मगर बाद में यह मुहिम ठंडी पड़ गई थी.

कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज राजस्व, फायर, निगम भवन अधिकारी एवं भवन इंस्पेक्टर्स, निगम जनकार्य विभाग के अधिकारियों को बैठक ली. बैठक में शहर की बहुमंजिला व्यावसायिक और रहवासी इमारतों में फायर सेफ्टी व्यवस्था को लेकर तय किया गया है कि जी+3 एवं उससे अधिक ऊंचाई वाली सभी बिल्डिंग्स को 15 दिन का समय दिया जाएगा. इस दौरान उन्हें अपने फायर सेफ्टी प्लान एवं व्यवस्थाओं को पूरी तरह दुरुस्त करना होगा. उक्त अवधि के बाद यदि किसी भवन में आवश्यक फायर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं पाया जाता है, तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी. साथ ही एसडीएम के नेतृत्व में गठित दलों द्वारा आज से ही फायर सुरक्षा मानकों की व्यवस्थाओं के निरीक्षण अभियान शुरू कर दिया जाएगा.

### अवैध हिस्सों को हटाने की कार्रवाई करें

बैठक में कलेक्टर वर्मा ने निर्देश दिए कि इस दौरान रैंडम निरीक्षण में भवनों में अग्निशमन उपकरण, आपातकालीन निकासी मार्ग और अन्य आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं उपलब्ध और कार्यशील हैं. अधिकारियों से कहा कि यह भी देखा जाए कि संबंधित भवनों ने नियमानुसार अनुमति (लाइसेंस) लिया है, की नहीं. बैठक में यह बात सामने आई कि कई भवनों में निर्माण के बाद अतिरिक्त या अवैध निर्माण किया गया है, जो बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन है. ऐसे मामलों में भी सख्त कार्रवाई कर आवश्यक होने पर नोटिस जारी कर सुधार कार्य करवाए. अवैध हिस्सों को हटाने की कार्रवाई भी की जाए. बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल भी मौजूद थे.

# 16 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपियों को दबोचा

- एक आरोपी पर पहले से ही दर्ज हैं 8 केस



**इंदौर.** शहर में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए आजाद नगर पुलिस ने रविवार को दो आरोपियों को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. पकड़े गए आरोपियों में एक शातिर बदमाश निकला, जिस पर पहले से ही 8 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं.

थाना प्रभारी लोकेश सिंह भदौरिया ने बताया कि सियागंज गृह निर्माण संस्था बायपास क्षेत्र में गश्त के दौरान एक्टिवा सवार दो युवक संदिग्ध हालत में नजर आए. पुलिस टीम को देखते ही दोनों ने भागने की कोशिश की, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया, तलाशी लेने पर एक्टिवा की डिग्गी से 16 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई. पकड़े गए आरोपियों की पहचान अभिषेक और मुकद्दर, दोनों निवासी मूसाखेड़ी के रूप में हुई है. जांच में सामने आया कि मुकद्दर आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पहले से ही 8 आपराधिक मामले दर्ज हैं. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ब्राउन शुगर और एक्टिवा क्रमांक एमपी 11 जेडएच 0256 जब्त की है. जब्त माल की कीमत करीब 2.60 लाख रुपए आंकी गई है. पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है. अब आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वे मादक पदार्थ कहां से लाते थे और किन-किन लोगों तक इसकी सप्लाई करते थे.

# भेरू घाट सिमरोल जाम पर पुलिस ने दिखाई सख्ती

- देहात एसपी ने बुलाई मातहतों की बैठक

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** भेरू घाट और सिमरोल क्षेत्र में बार-बार लगने वाले जाम को लेकर देहात पुलिस अब सख्त नजर आ रही है. लगातार यातायात बाधित होने और हजारों यात्रियों की परेशानी को देखते हुए देहात एसपी ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर ठोस व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए हैं.

सिमरोल थाने में आयोजित बैठक में नेशनल हाईवे के अधिकारियों, एसडीएम, एसडीओपी, थाना प्रभारियों सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को बुलाया गया. बैठक में एसपी ने साफ तौर पर कहा गया कि बार-बार जाम लगने की स्थिति में केवल पुलिस पर निर्भर रहना समाधान नहीं है, बल्कि निर्माण एजेंसी और अन्य विभागों को भी जिम्मेदारी निभानी होगी.

डीएसपी हेडक्वार्टर उमाकांत चौधरी ने बताया कि घाट क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य के चलते ट्रैफिक बार-बार बाधित हो रहा है. इस पर कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने स्तर पर वालंटियर्स तैनात करें, ताकि ट्रैफिक को सुचारू बनाए रखने में सहयोग मिल सके. बैठक में यह भी तय किया गया कि शहर की ओर से आने वाले वाहनों का वैकल्पिक रूट तय किया जाए, जिससे घाट क्षेत्र में दबाव कम हो सके. एसपी यंगचीन डोलकर भूटिया ने स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में ऐसी स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए समन्वय बनाकर प्लॉनिंग के साथ काम किया जाए.

# दो लाख लीटर पानी से बुझी स्क्रैप गोदाम की आग

- सभी मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** सांवेर रोड स्थित नरवल क्षेत्र में रविवार सुबह एक स्क्रैप गोदाम में लगी भीषण आग पर करीब दो लाख लीटर पानी डालकर काबू पाया. समय रहते फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को फैलने से रोक लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया.

फायर ब्रिगेड के एसआई शिवनारायण शर्मा ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे आग लगने की सूचना मिली थी. सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और तुरंत राहत कार्य शुरू किया. गोदाम में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक स्क्रैप रखा होने के कारण आग तेजी से फैली और इलाके में घना काला धुआं छा गया. इस दौरान आग की लपटें पास में बने मजदूरों के क्वार्टर की ओर बढ़ रही थीं, ऐसे में टीम ने दोनों तरफ से पानी डालकर आग को फैलने से रोका.

एहतियातन वहां रह रहे मजदूरों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया था. करीब 10 टैंकर, यानी लगभग दो लाख लीटर पानी की मदद से आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया. आग के कारण आसपास के घरों में धुआं भर गया, जिससे कुछ लोगों को घबराहट हुई, हालांकि बाद में स्थिति सामान्य हो गई. प्राथमिक जांच में सामने आया है कि गोदाम बंद था और आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है, फायर ब्रिगेड की टीम मामले की जांच में जुटी है.

# समाज सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं है : गणपत पटेल

- मीणा समाज ने अपने आराध्य भगवान मीनेष की जयंती हर्षोल्लास से मनाई



**इंदौर।** मां अहिल्या की नगरी में मप्र मीणा समाज सेवा संगठन की इंदौर जिला इकाई के तत्वावधान में रेलवे कम्यूनिटी हॉल में मीणा समाज ने अपने आराध्य भगवान मीनेष जी की जयंती हर्षोल्लास से मनाई। इस मौके पर नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। उपस्थित महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में राजस्थानी गीतों पर नृत्य कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मीडिया प्रभारी अजय बारवाल ने बताया कि पूर्व विधायक गणपत पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुए इस समारोह में प्रदेश उपाध्यक्ष जुगनू जादव सिंह धनावत, युवा संगठन प्रदेश अध्यक्ष योगेश पटेल, युवा प्रदेश महामंत्री संतोष मीणा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। अतिथियों ने भगवान मीनेष के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया और भगवान मीनेष की आरती की। मुख्य अतिथि श्री पटेल सहित अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष सुभाष मीणा, ज्योति शेषराम मीणा, नवीन मीणा, रमेश धनावत, अजय बारवाल, दीपा प्रकाश मीणा, वर्षा मीणा पालदा, संतोष भौंड़ा, सोनू मीणा, कोमलसिंह मीणा, नरेन्द्र मंत्री आदि ने किया।

> इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाजसेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं। समाज को जोड़ने का काम करें। एमपी में हमारी समाज भारी तादाद में हैं, इसके बाद भी हम आपसी खींचतान में आगे नही बढ़ पाते हैं। ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करते हैं। युवा प्रदेश महामंत्री संतोष मीणा ने कहा कि हमें समाज में व्याप्त कुरुतियों को त्यागकर समाज को नई दिशा देना है, तभी हम उन्नति के मार्ग पर प्रशस्त होंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य पूरे मन से करें, सफलता निश्चित मिलेगी। हमारा दायित्व है कि हम समाज सेवा के पुनीत कार्य से भी अपने आप को जोड़ें। समारोह में शहर सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु एवं महिलाएं शामिल हुईं। सभी ने महाप्रसादी का आनंद भी लिया। संचालन समाज के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. अजय धनावत ने किया।






# समाज की समस्याओं का समाधान संगठन में निहित : कृष्ण गोपाल

- नेहरू स्टेडियम में शाखा संगम सम्पन्न

**नवभारत न्यूज़**

**इन्दौर.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल की उपस्थिति में इन्दौर विभाग के महाविद्यालयीन विद्यार्थियों का शाखा संगम नेहरू स्टेडियम में आयोजित हुआ. कार्यक्रम में 18 से 25 वर्ष आयुवर्ग के 753 स्वयंसेवक 87 शाखाओं से शामिल हुए. कार्यक्रम का उद्देश्य संघ के शताब्दी वर्ष के तहत युवाओं को जोड़ना, शाखाओं का विस्तार व सुदृढ़ीकरण करना तथा समाज को संगठित करना रहा.

कृष्ण गोपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत की पहचान आध्यात्मिक आधार पर बनी है और अनेकता में एकता इसकी विशेषता है. उन्होंने सांस्कृतिक गौरव व स्वाभिमान की पुनर्स्थापना को राष्ट्र सशक्तिकरण का आधार बताया. शाखा को समरसता का प्रतीक बताते हुए कहा कि समाज की समस्याओं का समाधान संगठन में निहित है. उन्होंने पंच परिवर्तन के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया और कहा कि भारतीय संस्कृति का सह-अस्तित्व व संतोष भाव विश्व को दिशा दे सकता है. पिछले कार्यक्रमों के माध्यम से एक लाख से अधिक युवाओं तक पहुंच बनाई गई, वहीं सितंबर में 144 स्थानों पर शाखाएं लगी थीं. इन्हीं के स्थायित्व हेतु इस संगम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में संघचालक डॉ. मुकेश मोढ भी उपस्थित रहे.



# डॉक्टर ने इलाज के बहाने लगाया नशीला इंजेक्शन, किया रेप

- नाराज भीड़ ने आरोपी के घर में लगाई आग

**महू.** पातालपानी क्षेत्र स्थित बेलामोर रिसोर्ट में रविवार को दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद भारी हंगामा हो गया. आरोपी डॉ. सईद खान पर एक महिला को नशीला इंजेक्शन देकर फोटो खींचने और चार महीने से ब्लैकमेल कर रेप करने का आरोप है. इस घटना से गुस्साए लोगों ने आरोपी के घर और क्लिनिक पर हमला कर आग लगा दी.

पीड़िता के मुताबिक, वह करीब चार महीने पहले गुजरखेड़ा में डॉ. सईद खान के क्लिनिक पर इलाज कराने गई थी. वहां डॉक्टर ने उसे नशीला इंजेक्शन देकर बेहोश किया और दुष्कर्म कर उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें खींच लीं. इन फोटो के दम पर आरोपी उसे बदनाम करने और जान से मारने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा था. रविवार को भी उसने महिला को बेलामोर रिसोर्ट बुलाकर उसके साथ गलत काम किया. जैसे ही यह खबर फैली, हिंदू संगठन के कार्यकर्ता और पीड़िता के परिजन थाने पहुंच गए. गुस्साए लोगों की भीड़ ने आम्बाचंदन में आरोपी के घर में घुसकर तोड़फोड़ की और आग लगा दी. यही नहीं, गुजरखेड़ा स्थित उसके बंद क्लिनिक पर भी जमकर पथराव किया गया. स्थिति बिगड़ते देख महू कोतवाली पुलिस ने मोर्चा संभाला.

एक नजर में | आर्य समाज संचार नगर इंदौर एवं गुरु विरजानन्द वैदिक ट्रस्ट का आयोजन

# हिंदू सर्वजातीय परिचय सम्मेलन में 30 रिश्ते तय



**इंदौर.** आर्य समाज संचार नगर इंदौर एवं गुरु विरजानन्द वैदिक ट्रस्ट के तत्वावधान में 38 वां हिंदू सर्वजातीय परिचय सम्मेलन में 30-32 रिश्ते निश्चित हुए। जिसमें अविवाहित के अतिरिक्त विधवा, विधुर, तलाकशुदा, अधिक आयु के, दिव्यांग आदि लगभग 250 प्रत्याशियों ने अपना परिचय देते हुए जाति - पाति को दूर रख अंतरजातीय विवाह में रुचि दिखाई।यह जानकारी गायत्री सोलंकी ने दी.

कार्यक्रम के दौरान युवतियों को उपहार स्वरूप मंच पर परिचय देनेवाली युवतियों को उपहार स्वरूप सर्वजातीय परिणय स्मारिका निशुल्क दी, जिसमें लगभग 600 बायोडाटा - फोटो है. इस सम्मेलन में मध्यप्रदेश के अनेक जिलों के अतिरिक्त महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, बिहार आदि से भी प्रत्याशियों की प्रविष्टियां प्राप्त हुई. राकेश शास्त्री ने यह जानकारी दी. मुख्य अतिथि ने कैलाश खंडेलवाल ने कहा कि यह हिंदू सर्वजातीय परिचय सम्मेलन की परंपरा का शुभारंभ गत 2004 से श्री बलराज सबलोक जी की प्रेरणा से हुआ. डॉ. आचार्य भानु प्रताप वेदालंकार इंदौर, ग्वालियर एवं दिल्ली में भी हिंदू सर्वजातीय परिचय सम्मेलन आयोजित किए जाते हैं जिसके माध्यम से हजारों रिश्ते तय हुए. इसलिए मैं आचार्य भानु प्रताप वेदालंकार को शुभकामनाएं देता हूं. कैलाश योगी ने कहा कि आचार्य भानु प्रताप वेदालंकार के अथक प्रयास से आज सर्वजातीय परिचय सम्मेलन के अतिरिक्त निशुल्क दिव्यांग परिचय सम्मेलन एवं निशुल्क दिव्यांग विवाह समारोह का आयोजन किया जाता है. महर्षि दयानंद सरस्वती ने कहा कि मनुष्य की एक जाति है किंतु वैवाहिक संबंध- गुण -कर्म - स्वभाव के अनुसार होते हैं. पं. योगेन्द्र मंहत ने भी संबोधित किया.